# करूँगा बातें जमकर | By Gaurav Bhatnagar

अपने घर का टेलीफोन नंबर
देदो मुझको श्याम
करूँगा बातें जमकर
तेरे दरश को डीकत डीकत
सुबह से हो गई शाम
आया ना मेरा नंबर

दर पे तुम्हारे बाबा भीड़ बहुत ही अब बढ़ रही
फुर्सत से मिलने को भी फुर्सत तुम्हे नहीं मिल रही
रह जाती है दिल ही दिल में दिल की हमारी बात
करूँगा बातें जमकर
करूँगा बातें जमकर

याद करो ना बातें बीते दिनों की प्यारे सांवरे
घंटो बिताया करते दर पे तुम्हारे हम सांवरे
धक्का धुक्की जोरा जोरी हर पल हो रही आज
करूँगा बातें जमकर
करूँगा बातें जमकर

ऐसा समय आएगा झलक तुम्हारी मिल पाएगी
अँखियाँ दरस की प्यासी, प्यासी की प्यासी रह जायेगी
समय मिलान का पक्का लेकर मिलूंगा तुमसे श्याम
करूँगा बातें जमकर
करूँगा बातें जमकर

प्यार हमारा बाबा देख कभी नहीं भूलना
भूल गए तो बाबा हमको पड़ेगा जग में झूलना
जनम जनम गुण गाये नंदू बनकर तेरा दास
करूँगा बातें जमकर
करूँगा बातें जमकर

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%82%e0%a4%81%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%9c%e0%a4%ae%e0%a4%95%e0%a4%b0-by-gaurav-bhatnagar/